भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 478
दिनांक 03 दिसम्बर, 2025 को उत्तर के लिए

पोषण डेटा में विसंगतियां

478. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि दुर्बलता, बौनापन, कम वज़न तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी संबंधी कुपोषण के, पोषण् ट्रैकर के माध्यम से एकत्र आंकड़ों और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) द्वारा सूचित आंकड़ों के बीच उल्लेखनीय अंतर है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त विसंगति के राज्य-वार क्या कारण हैं; और
(ग) यदि नहीं, तो सरकार द्वारा आंकड़ों के इन दोनों स्रोतों में किस प्रकार सामंजस्य स्थापित किया जाता है और सरकार, कार्यक्रम अभिकल्पन एवं निगरानी हेतु पोषण संबंधी आंकड़ों की विश्वसनीता किस प्रकार सुनिश्चित करती है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (ग): राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा किया जाने वाला राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या और स्वास्थ्य संकेतकों के साथ-साथ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण से संबंधित उभरते मुद्दों पर आवधिक आँकड़े उपलब्ध कराना है। एनएफएचएस का उद्देश्य आवश्यक जानकारी प्रदान करना है जो नीति निर्माताओं और कार्यक्रम प्रबंधकों को भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में मानक स्थापित करने और समय के साथ हुई प्रगति की जाँच करने में सहायता करेगी।

एनएफएचएस सांख्यिकीय नमूना तकनीकों का उपयोग करता है, जिसमें उत्तरदाताओं का साक्षात्कार करके आँकड़े एकत्र करने के लिए मानकीकृत प्रश्नावली, नमूना डिज़ाइन और क्षेत्रीय प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है। एनएफएचएस-5 में देश भर के 6.36 लाख नमूना परिवारों को शामिल किया गया तथा जनसंख्या और परिवार की प्रोफ़ाइल; विवाह और प्रजनन क्षमता; शिशु और बाल मृत्यु दर; परिवार नियोजन के वर्तमान उपयोग और अपूर्ण आवश्यकताओं; मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य; बच्चों और वयस्कों में पोषण संबंधी स्थिति और एनीमिया इत्यादि के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए 724115 महिलाओं और 101839 पुरुषों का साक्षात्कार लिया गया।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण डिजिटल संचालन उपकरण के रूप में 'पोषण ट्रैकर' एप्लिकेशन 2021 में शुरू किया गया था। पोषण ट्रैकर कई प्रचालन मानकों पर आंगनवाड़ी केंद्रों, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों तथा लाभार्थियों की निगरानी और ट्रैकिंग की सुविधा प्रदान करता है। अक्टूबर 2025 की स्थिति के अनुसार पोषण ट्रैकर में लाभार्थियों की संख्या 8,87,69,382 (गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और 0-6 वर्ष के बच्चों सहित) है। पोषण ट्रैकर ने आंगनवाड़ी सेवाओं जैसे दैनिक उपस्थिति, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखरेख और शिक्षा, पके हुए गर्म भोजन/टेक होम राशन का वितरण, विकास माप इत्यादि के लिए लगभग तत्समय डेटा संग्रह की सुविधा प्रदान की है। पोषण ट्रैकर का उपयोग बच्चों में बौनेपन, दुर्बलता, अल्प वजन की व्याप्तता की पहचान करने और उनके पोषण संकेतकों में सुधार के लिए भी किया जाता है।

आंकड़े एकत्र करने के प्राथमिक उद्देश्य और अपनाई गई कार्यपद्धति के आधार पर, एनएफएचएस को सांख्यिकीय नमूना सर्वेक्षण के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, जबकि पोषण ट्रैकर प्रशासनिक आंकड़ों का एक उदाहरण है। नमूना सर्वेक्षणों पर आधारित सांख्यिकीय अनुमानों में नमूना संबंधी त्रुटियाँ और नमूना नहीं लिए जाने संबंधी त्रुटियाँ हो सकती हैं। इसी प्रकार, प्रशासनिक आंकड़ों में कवरेज, मापन, प्रशिक्षण इत्यादि के कारण आंकड़ों में कमियां पाई गई हैं। एनएफएचएस और पोषण ट्रैकर के माध्यम से एकत्र किए गए कुपोषण के आंकड़ों में पाए गए अंतर का कारण नमूना सर्वेक्षण और प्रशासनिक पद्धतियों के माध्यम से एकत्र किए गए आंकड़ों की विधि और उद्देश्य की विशिष्टताओं को माना जा सकता है। दोनों डेटा स्रोतों से मिली जानकारी का उपयोग सरकार देश में महिलाओं और बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के लिए कार्यक्रम तैयार, कार्यान्वित और निगरानी करने के लिए किया जाता है।

1992-93 से राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के विभिन्न दौरों और पोषण ट्रैकर (अक्टूबर 2025) से भारत भर में बच्चों में कुपोषण संकेतकों का विवरण इस प्रकार है:

एनएफएचएस सर्वे	बौनापन %	अल्प वजन %	दुबलापन %
एनएफएचएस -1 (1992-93)*	52	53.4	17.5
एनएफएचएस -2 (1998-99)**	45.5	47	15.5
एनएफएचएस -3 (2005-06)***	48.0	42.5	19.8
एनएफएचएस -4 (2015-16)***	38.4	35.8	21.0
एनएफएचएस -5 (2019-21)***	35.5	32.1	19.3
पोषण ट्रैकर (अक्टूबर 2025)***	33.54	14.41	5.03

* 4 वर्ष से कम

** 3 वर्ष से कम

*** 5 वर्ष से कम

अधिक जानकारी इस वेबलिंक पर सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है -

https://mohfw.gov.in/?q=en/statisticsdivisionservey

https://dhsprogram.com/data/available-datasets.cfm

https://www.poshantracker.in/statistics

****